दिनांक 05.03.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ आयुक्त के0एल0 चौहान ने लोक सुराज अभियान के दौरान विभिन्न क्षेत्र के वार्ड के नागरिकों के द्वारा विभिन्न प्रकार के मांगों से संबंधित आवेदन शिविर स्थल में प्रस्तुत किया गया था जिसमें से अतिक्रमण हटाये जाने के संबंध में प्राप्त आवेदनों पर संबंधित जोन आयुक्तों को समीक्षा बैठक के दौरान निर्देशित किया गया था कि शिविर के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का निराकरण, स्थल निरीक्षण कर त्वरित कार्यवाही किये जाने का निर्देश दिया गया था।

आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार लोक सुराज अभियान शिविर से प्राप्त आवेदन जोन 01 एवं 02 में अतिक्रमण से संबंधित प्राप्त आवेदनों पर आज बेदखली कर स्थल कब्जा मुक्त कराया गया। जोन 01 नेहरु नगर के वार्ड 03 में ईंट, सीमेंट, एवं टीन शेड से किये गये अतिक्रमण को जोन 01 के तोड़फोड़ दस्ते के द्वारा उक्त अवैध कब्जा से मुक्त कराया गया। इसी तरह जोन 02 वैशाली नगर के अंतर्गत वार्ड 27 घासीदास नगर में उद्यान के जगह में किये गये अवैध कब्जे को कब्जा मुक्त किया गया।

तोड़फोड़ कार्यवाही के दौरान जोन के सहायक यंत्री बी0के0 सिंह, सहायक राजस्व अधिकारी विनोद चन्द्राकर, हरिचरण सिंह अरोरा, तोड़फोड़ प्रभारी अधिकारी यतीन्द्र नाथ देवांगन, प्रकाश अग्रवाल, बालकृष्ण नायडू, एस.एन. कौशिक, अंजनी सिंह, एच.एन. भट्ठी, गुप्तानंद तिवारी सहित राजस्व अमला के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी